# University in News on 24 January 2021

JAGRAN CITY PAGE II

## लविवि : 12 केंद्रों पर होंगी एलएलबी की परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लविवि ने 28 जनवरी से शुरू होने वाली एलएलबी सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए शनिवार को केंद्रों का निर्धारण कर दिया। परीक्षाएं 12 केंद्रों पर होंगी।

बीते 15 जनवरी को बीबीए, एमबीए के साथ-साथ एलएलबी की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया था। एलएलबी (ऑनर्स/ सेमेस्टर) की रेगुलर, बैक पेपर और एग्जम्पटेड परीक्षाएं 28 जनवरी से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि परीक्षाओं के लिए 12 केंद्र बनाए गए हैं। इसमें करीब सात हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इन सभी के एडमिट कार्ड भी देर रात जारी किए जाएंगे। परीक्षाएं सुबह सुबह 9 से 10.30 बजे और दोपहर में तीन से 4.30 बजे तक होंगी।

### किस कालेज का कहां गया सेंटर

- लखनऊ विश्वविद्यालय (त्रिवर्षीय, ऑनर्स), सिटी एकेडमी ला कॉलेज जानकीपुरम, ज्यूरिस लॉ कालेज बीकेटी, श्रीगीत ला कालेज बीकेटी **: लविवि नवीन परिसर**
- शिया पोस्ट ग्रेजुएट कालेज : **शिया पोस्ट ग्रेजुएट कालेज**
- श्री जय नारायन पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, अकबरी बेगम लॉ महाविद्यालय : **श्री जय नारायन पोस्ट ग्रेजुएट कालेज**
- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ला कालेज : **बाबा साहब अंबेडकर ला कालेज लखनऊ**
- डीएवी पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, गीता ला कालेज गोमती नगर : **डीएवी पीजी कालेज**
- लखनऊ ला कालेज, पीआर मेमोरियल बेहटा, मोहनलालगंज : **लखनऊ ला कालेज**
- सिटी एकेडमी ला कालेज तिवारीगंज : **मुमताज पीजी कालेज**
- नर्वदेश्वर ला कालेज : **नर्वदेश्वर ला कालेज**
- सेंट मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय, मां वैष्णो देवी ला महाविद्यालय : **मां वैष्णो देवी ला महाविद्यालय**
- यूनिटी डिग्री कालेज : **यूनिटी डिग्री कालेज हरदोई रोड**
- हीरा लाल यादव ला कालेज : **हीरा लाला यादव ला कालेज**
- रेडियंट कालेज आफ ला अमेठिया सलेमपुर, आरडीएसजे कालेज : **रेडियंट कालेज आफ ला अमेठिया सलेमपुर लखनऊ**

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## 12 केंद्रों पर होगी लॉ की परीक्षा

### लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी की केंद्रों की सूची

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की लॉ तीन वर्षीय व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की दिसंबर सेमेस्टर परीक्षा राजधानी के 12 कॉलेजों में होगी। 28 जनवरी से शुरू हो रही परीक्षा के लिए शनिवार को विवि प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी। अधिकतर कॉलेजों में सेल्फ सेंटर की सुविधा दी गई है। परीक्षा पहली पाली में सुबह 9 बजे से 10.30 बजे तक और शाम की पाली में तीन बजे से 4.30 बजे तक होगी। परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर भी है।

### एलएलएम की परीक्षा 29 से

**लखनऊ।** एलएलबी के बाद लविवि ने एलएलएम की रेगुलर, छूटे व बैक पेपर की परीक्षा का कार्यक्रम भी शनिवार को जारी किया। इसके अनुसार परीक्षा 29 जनवरी से आयोजित होगी। विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

| परीक्षा केंद्र | कॉलेज |
|---|---|
| लखनऊ विवि न्यू कैंपस | लविवि (तीन वर्षीय व ऑनर्स), सिटी एकेडमी लॉ कॉलेज जानकीपुरम, जुएरिस लॉ कॉलेज, श्री गीत लॉ कॉलेज बीकेटी |
| शिया पीजी कॉलेज | शिया पीजी कॉलेज |
| जेएनपीजी कॉलेज | जेएनपीजी कॉलेज, अकबरी बेगम लॉ कॉलेज। |
| बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लॉ कॉलेज | बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लॉ कॉलेज। |
| डीएवी पीजी कॉलेज | डीएवी पीजी कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज, गोमतीनगर। |
| लखनऊ लॉ कॉलेज | लखनऊ लॉ कॉलेज, पीआर मेमोरियल बेहटा। |
| मुमताज पीजी कॉलेज | सिटी एकेडमी लॉ कॉलेज तिवारीगंज। |
| नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज | नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज। |
| मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज | सेंट मदर टेरेसा लॉ कॉलेज, मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज। |
| यूनिटी डिग्री कॉलेज | यूनिटी डिग्री कॉलेज। |
| हीरालाल यादव लॉ कॉलेज | हीरालाल यादव लॉ कॉलेज। |
| रेडियंट कॉलेज ऑफ लॉ अमेथिया | रेडियंट कॉलेज ऑफ लॉ अमेथिया, आरडीएसजे कॉलेज। |

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

## लविवि : अगले सत्र से जुड़ेंगे 525 कॉलेजों के छात्र-छात्राएं

### पूर्व में सत्र शुरुआत को लेकर था संशय, चार जिलों के 355 व लखनऊ के 170 कॉलेज होंगे संचालित

शैलेन्द्र श्रीवास्तव (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी सत्र 2021-22 से 525 कालेजों के छात्र-छात्राएं पठन-पाठन करेंगे। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध लखनऊ के 170 कालेज और हाल ही में जुड़े चार जिलों के 355 कालेज जुड़ जायेंगे।

राजधानी से बाहरी जिलों के कालेजों को जोड़ने के लिए मंत्रिमंडल से पास होने के बाद से ये कयास लगाये जा रहे थे कि इन जिलों के कालेजों को जोड़ने में अभी करीब दो सत्र बीत जायेंगे लेकिन अब आने वाले सत्र से ही कालेजों को जोड़ दिया जायेगा। हालांकि, इसको लेकर विश्वविद्यालय में संशय की स्थिति बनी हुयी थी। उधर, जिलों के कालेज प्रबंधकों ने भी विरोध जताया था।

प्रदेश सरकार ने लखनऊ विश्वविद्यालय से चार जिलें हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर को जोड़ दिया है। इन जिलों के महाविद्यालयों को भी इसी कालेज से अपनी सम्बद्धता करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दे दिये गये है। बता दें कि, अभी तक इन जिलों के महाविद्यालय छत्रपति साहू जी महाराजा विश्वविद्यालय, कानुपर से जुड़े हुए थे। ऐसे में इन महाविद्यालयों की सम्बद्धता और उनमें संचालित कोर्स की स्थायी व अस्थायी सम्बद्धता है। अब इन महाविद्यालयों को लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्धता लेना जरूरी है। इन जिलों में संचालित कोई भी महाविद्यालय अब कानपुर विश्वविद्यालय से संचालित नहीं होगा।



**बन गयी थी संशय की स्थिति**

कैबिनेट से निर्णय पास होने के बाद से लखनऊ विश्वविद्यालय से जब इन चार जिलों को संबद्ध किया गया तो विश्वविद्यालय प्रशासन में ही संशय की स्थिति बन गयी। संशय होने के कारण कोई अधिकारी खुलाकर कुछ बताने में सक्षम नहीं रहा कि, किस सत्र से इन चार जिलों के महाविद्यालय संचालित होंगे। इसको लेकर उच्च स्तर पर भी बैठकों के दौर चले।

**जिलों के कालेजों ने जताया था विरोध :** प्रदेश सरकार की कैबिनेट से निर्णय पास होने के बाद इन चार जिलों के कालेज जो अभी तक कानपुर विश्वविद्यालय से संचालित हो रहे थे, उनके प्रबंधक भी विरोध के स्वर उठाने लगे और यहां तक उन्होंने ज्ञापन भी दिया कि उनके कालेजों की सम्बद्धता कानपुर विश्वविद्यालय से ही रहने दिया जायें लेकिन सरकार की ओर से उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

**अंततः प्रबंधकों को मनानी पड़ी बात :** जब लखनऊ विश्वविद्यालय से इन चार जिलों को जोड़ा गया तो विश्वविद्यालय स्तर पर भी काफी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में भी सभी यही चर्चा करते नजर आये कि कानपुर विश्वविद्यालय से संचालित महाविद्यालय मुश्किल ही है, जो लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़ जायें लेकिन सरकार के आदेश के सामने आखिरकार प्रबंधकों की एक नहीं चली और उन्हें सरकार की निर्णय को मानना ही पड़ा और अब आगामी सत्र से इन कालेजों को विश्वविद्यालय से संचालित किये जाने की तैयारी शुरू हो गयी है।

> प्रदेश सरकार की ओर से निर्णय के अनुसार ही लविवि से इन चार जिलों के कालेजों को जोड़ा जायेगा। कोई संशय नहीं, आगामी सत्र 2021-22 से ही इन कालेजों का संचालन लविवि से ही होगा।
>
> डॉ. विनोद कुमार सिंह, कुलसचिव, लविवि

**संबद्धता के लिए आने लगे प्रबंधक :** जब यह तय हो गया है कि इन चार जिलों में स्थित कालेजों को लखनऊ विश्वविद्यालय से ही सम्बद्धता लेनी होगी, तब प्रबंधकों के तेवर ढीले पड़े। अब विश्वविद्यालय में प्रबंधक आने लगे है और सम्बद्धता के नियमों की जानकारी ले रहे हैं। उन नियमों के तहत ही कालेज को सम्बद्धता दी जायेगी।

TOI PAGE 5

## *Children of LU staff unite for a musical tribute to Netaji*

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Lucknow University celebrated 'Parakram Diwas' in a unique way, with children of fourth class employees, professors and vice-chancellor's daughter coming together on one stage to showcase their talent. From music and dance performances on patriotic songs to women's role and sacrifice, LU's Kailash Girl's Hostel was abuzz.

As many as 20 children of non-teaching, teaching and 5-year-old daughter of vice-chancellor Ritanya Shree performed during the event. Children of fourth class employees, sanitary workers and clerical staff of the varsity spellbounded everyone with their moves, while the VC's daughter turned everyone emotional with her dance on '*Betiyaan jo byahi jaye mudti nahi hain...*'





Children of class IV employes, sanitary workers and clerical staff of LU perform at the event. (Below) The VC's daughter presents a dance

"I study in a government school and have performed at my school also. For the first time, I have performed on such a big stage. Since our schools are closed for almost a year, this opportunity made us extremely happy," said the daughter of a non-teaching employee Ragini.

All children were gifted soft toys, books, chocolates for their performances. "We wanted to bring children of LU family at one stage," said provost Prof Manuka Khanna, who coordinated the event.

AMRIT VICHAR PAGE 3

## एलएलबी परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने एलएलबी त्रिवर्षीय/ आनर्स सेमेस्टर परीक्षा को लेकर केंद्रों की सूची शनिवार को जारी कर दी है। इस सूची के अनुसार 12 केंद्रों पर 20 विश्वविद्यालय समेत संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षा आयोजित होगी। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने दी। वही दूसरी ओर एलएलएम तीसरे सत्र की रेगुलर, एक्जेमटेड व बैकपेपर की परीक्षा 29 जनवरी से शुरू होगी। यह परीक्षा आप्शनल पेपर वन की और एक फरवरी को आप्शनल पेपर टू की परीक्षा होगी।